संख्या-60/2026/380/तीस-1-2026/ई-2013047

प्रेषक,

के0पी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम।

परिवहन अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 09 अप्रैल, 2026

विषय- उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के 49 बस स्टेशनों को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी.पी.पी.) पद्धति पर द्वितीय चरण में डिजाइन बिल्ड फाईनेन्स ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर मॉडल पर विकसित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-54 पीपीपी सेल/2026-65पीपीपी/2023 Vol-I दिनांक 18.02.2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कमेटी ऑफ सेक्रेट्रीज (सी0ओ0एस0) की बैठक में की गयी संस्तुति के आधार पर मा0 मंत्रि-परिषद हेतु टिप्पणी एवं परिशिष्ट तथा ट्रांजेक्शन एडवाइजर मेसर्स- क्रिसिल से प्राप्त संशोधित बिड डाक्यूमेंट्स (ड्राफ्ट आर0एफ0पी0 एवं ड्राफ्ट कन्सेशन एग्रीमेंट) आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया था।

2- इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के 49 बस स्टेशनों को विकसित किये जाने हेतु पी.पी.पी. पर द्वितीय चरण में डिजाइन बिल्ड फाईनेन्स ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर मॉडल पर विकसित किये जाने के सम्बन्ध में निम्नवत निर्णय लिया गया है:-

1. पूर्व प्रस्तावित 54 बस स्टेशन के स्थान पर अनुपयुक्त 06 बस स्टेशन को छोड़ते हुए एवं चन्दौली को सम्मिलित करते हुए कुल 49 बस स्टेशन (प्रति संलग्न) को पी0पी0पी0 मोड पर विकसित किये जाएं।
2. कमेटी आफ सेक्रेट्रीज (CoS) की दिनांक 12-02-2026 को सम्पन्न बैठक में की गयी संस्तुति के क्रम में उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा उपलब्ध करायी गयी प्रस्तावित ड्राफ्ट आर0एफ0पी0 एवं ड्राफ्ट कन्सेशन एग्रीमेन्ट पर अनुमोदन प्रदान हो गया है। अतः कृपया तत्काल ही आगे बिडिंग की कार्यवाही प्रारम्भ की जाए।
3. द्वितीय चरण हेतु प्रस्तावित पी0पी0पी0 परियोजनाओं में विकास प्राधिकरण क्षेत्रों के अतिरिक्त नगर निकाय एवं जिला पंचायत क्षेत्रों के सम्मिलित होने के दृष्टिगत निवेशकों को आकर्षित करने एवं एकरूपता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी प्रस्तावित पी0पी0पी0 बस स्टेशन परियोजना स्थलों पर 2.5 के समान Floor Area Ratio (एफ0ए0आर0) तथा ग्राउड कवरेज आदि की निःशुल्क अनुमति प्रदान की जाए। इस सम्बन्ध में औद्योगिक एवं

अवस्थापना विकास विभाग, आवास विभाग, नगर विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार इसे अंगीकृत किया जाए।

4. ट्रान्सैक्शन ऐडवाइजर द्वारा फेज-1 की भांति रिजर्व प्राइस ऑगणित करते हुए उसे गोपनीय रखा जाए एवं फेज-1 की भांति इसे वित्तीय बिड खोले जाने से पूर्व पी०पी०पी०बी०ई०सी० के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।
5. कार्यों की महत्ता एवं प्रथम चरण के अनुभव के आधार पर बिडिंग टाइमलाइन निर्धारण एवं उसका समयबद्व अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार लिये गये निर्णयों के अनुपालन में नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही करने एवं कार्यवाही की आख्या से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:यथोक्त।

भवदीय,

ह0/-
के0पी0 सिंह
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्निलखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रमुख सचिव, औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
6. सम्बन्धित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ह0/-
अरविन्द कुमार
अनु सचिव।

संलग्नक-ख

पी0पी0पी0 पद्धति पर विकसित किये जाने हेतु प्रस्तावित 49 बस स्टेशन्स की सूची

क्र	बस स्टेशन का नाम	जनपद का नाम	क्षेत्र का नाम
1.	फाउंड्री नगर	आगरा	आगरा
2.	अकबरपुर (डिपो कार्यशाला)	अम्बेडकरनगर	अयोध्या
3.	अमेठी	अमेठी	अयोध्या
4.	अयोध्या (ओल्ड बस स्टेशन)	अयोध्या	अयोध्या
5.	तरवा	आजमगढ़	आजमगढ़
6.	रसड़ा	बलिया	आजमगढ़
7.	बेल्थरारोड	बलिया	आजमगढ़
8.	बलरामपुर (डिपो कार्यशाला)	बलरामपुर	देवीपाटन
9.	हैदरगढ़	बाराबंकी	लखनऊ
10.	बस्ती (डिपो कार्यशाला)	बस्ती	गोरखपुर
11.	नहटौर	बिजनौर	मुरादाबाद
12.	बदायू	बदायू	बरेली
13.	बुलन्दशहर (पुराना)	बुलन्दशहर	गाजियाबाद
14.	खुर्जा	बुलन्दशहर	गाजियाबाद
15.	देवरिया	देवरिया	गोरखपुर
16.	एटा	एटा	अलीगढ़
17.	फिरोजाबाद	फिरोजाबाद	इटावा
18.	शिकोहाबाद	फिरोजाबाद	इटावा
19.	नोएडा (डिपो कार्यशाला)	गौतमबुद्धनगर	नोएडा
20.	गढ़	गाजियाबाद	मेरठ
21.	लोनी	गाजियाबाद	गाजियाबाद
22.	गोंडा (डिपो कार्यशाला)	गोंडा	देवीपाटन
23.	हरदोई	हरदोई	हरदोई
24.	हाथरस	हाथरस	अलीगढ़
25.	जौनपुर	जौनपुर	वाराणसी
26.	मछलीशहर	जौनपुर	वाराणसी
27.	बादशाहपुर	जौनपुर	प्रयागराज
28.	झाँसी (नयी भूमि)	झाँसी	झाँसी
29.	माती	कानपुर देहात	कानपुर
30.	सराय आकिल	कौशाम्बी	प्रयागराज
31.	गोला	लखीमपुर खीरी	हरदोई
32.	जानकीपुरम	लखनऊ	लखनऊ
33.	कैसरबाग	लखनऊ	लखनऊ
34.	सोनौली	महराजगंज	गोरखपुर
35.	निचलौल	महराजगंज	गोरखपुर
36.	विंध्याचल	मिर्जापुर	प्रयागराज
37.	मुरादाबाद (पीतलनगरी)	मुरादाबाद	मुरादाबाद
38.	मुजफ्फरनगर (नई भूमि)	मुजफ्फरनगर	सहारनपुर
39.	पीलीभीत	पीलीभीत	बरेली

40.	कुंडा	प्रतापगढ़	प्रयागराज
41.	रामपुर	रामपुर	मुरादाबाद
42.	भिनगा	श्रावस्ती	देवीपाटन
43.	नैमिषारण्य	सीतापुर	हरदोई
44.	सिधौली	सीतापुर	हरदोई
45.	राबर्टसगंज (सोनभद्र)	सोनभद्र	वाराणसी
46.	जगदीशपुर	अमेठी	अयोध्या
47.	उन्नाव	उन्नाव	कानपुर
48.	काशी (गोलगट्टा)	वाराणसी	वाराणसी
49.	चन्दौली	चन्दौली	वाराणसी